Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

**स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने 900वां गोल किया, रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए**

देश

**राजस्थान से 1.44 लाख करोड़ रुपये बकाया वसूलेगा पंजाब : सीएम भगवंत मान का एलान**



शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 20 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 107 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,39,250 | ₹ 2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1739 : नादिर शाह ने भारत के दिल्ली शहर पर कब्ज़ा किया और जिसमें कोह-नूर सहित मयूर सिंहासन के सारे गहने चुराए।**

**2012 : मेक्सिको के राज्यों, गुरेरो और ओक्साका की सीमा के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप आया।**

## न्यूज बाइट्स

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 मार्च को आएंगी राजगीर

**राजगीर (नालंदा) (नि.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 मार्च को राजगीर का दौरा करेंगी। वे नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला नालंदा दौरा होगा, जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति सबसे पहले नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचेंगी और दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस दौरान वे छात्रों को संबोधित करेंगी और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करेंगी। समारोह में देश-विदेश के मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### बिहार में 15 दिन तक नहीं मिलेगा सोबिस्को का बिस्कुट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में नामी गिरामी बिस्कुट ब्रांड 'सोबिस्को' के जरिए जनता, खासकर मासूम बच्चों की सेहत के साथ किए जा रहे बड़े खिलवाड़ का पर्दाफाश हुआ है। खाद्य संरक्षा आयुक्त लोकेश कुमार सिंह ने 'हम-तुम क्रैकर्स' बिस्कुट को जनस्वास्थ्य के लिए 'असुरक्षित' घोषित करते हुए इसके सभी बैचों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से 15 दिनों का कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है। लैब जांच में इस बिस्कुट के भीतर खतरनाक 'सल्फाइट' की मात्रा तय मानकों से कहीं अधिक पाई गई है, जो सीधे तौर पर इंसानी शरीर के लिए घातक है। इस कार्रवाई की गाज तब गिरी जब जम्मू-कश्मीर सरकार की शिकायत के बाद बिहार के सासाराम, पूर्णिया, हाजीपुर, खगड़िया, पटना और भागलपुर जैसे प्रमुख शहरों से नमूने इकट्ठा किए गए।

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर जिले को दी 119 करोड़ की सौगात

# सीएम ने 78 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

निज संवाददाता | मुंगेर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर जिले को विकास की बड़ी सौगात देते हुए कुल 119 करोड़ रुपये की लागत से 78 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साफियाबाद हवाई अड्डा परिसर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दूर माध्यम से इन योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण किया, जिसमें 87 करोड़ रुपये की 52 योजनाओं का उद्घाटन और 32 करोड़ रुपये की 26 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुंगेर में नवनिर्मित जिला उद्योग केंद्र के कार्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और परिसर का निरीक्षण करते हुए जनसुनवाई कक्ष, आगंतुक कक्ष तथा परियोजना प्रबंधक कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया गया और लाभुकों के बीच 60 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री ने गंगा तट पर स्थित ऐतिहासिक कष्टहरणी घाट के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आसपास के क्षेत्रों का भी समुचित विकास किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अनुष्ठान और स्नान में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। यह घाट धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जहां स्नान करने से कष्टों से मुक्ति की मान्यता प्रचलित है।

इसके अलावा भगत सिंह चौक के समीप पशु औषधालय परिसर में जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां प्रशिक्षण कक्ष, सभाकक्ष और पूछताछ काउंटर का निरीक्षण किया तथा डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान तीन पहिया वाहन-सह-शीत पेटी की चाबी भी वितरित की गई और दुग्ध एवं पशुपालन योजनाओं के लिए 8 लाख 83 हजार 340 रुपये का सांकेतिक चेक दिया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। जिन प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई, उनमें बाढ़ के समय गंगा के अतिरिक्त जल को जलाशयों में स्थानांतरित करने की योजना, विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, तारापुर बाईपास निर्माण, सुल्तानगंज से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक सड़क विकास, चार लेन रिंग रोड निर्माण, ऋषिकुंड पर्यटन स्थल का विकास, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना तथा नए महाविद्यालय की स्थापना जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा में योजनाओं को पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।



**जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें : सीएम**

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं, उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें।

## पीएम-किसान योजना : किसानों को 4.27 लाख करोड़ से अधिक सहायता, 9.32 करोड़ लाभार्थियों को मिला लाभ

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस महीने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 22वीं किस्त के रूप में 18,640 करोड़ रुपए से अधिक जारी किए जाने से 9.32 करोड़ से ज्यादा किसानों को वित्तीय सहायता मिली है। इनमें करीब 2.15 करोड़ महिला किसान शामिल हैं।**



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी राहत मिल रही है। इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजना की 22वीं किस्त जारी किए जाने से 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को 18,640 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हुई है। इनमें लगभग 2.15 करोड़ महिला किसान भी शामिल हैं। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक किसानों को कुल 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके साथ ही यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाओं में शामिल हो गई है, जिसके माध्यम से लाभार्थियों तक सीधे धनराशि पहुंचाई जाती है। यह योजना आधार आधारित सत्यापन और डिजिटल भूमि अभिलेखों के माध्यम से लागू की जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सहायता राशि सही और पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है और वितरण प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी है। केंद्र सरकार ने बजट 2026-27 में इस योजना के लिए 60,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सरकार का मानना है कि यह योजना 'अन्नदाता सम्मान' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो किसानों की आय सुरक्षा को मजबूत करता है।

### जमीनी स्तर पर दिख रहा असर : प्रधानमंत्री

विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, इस योजना का सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और नीति आयोग के आकलन में सामने आया है कि इस योजना से किसानों की आय में वृद्धि हुई है और उनकी अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी आई है। देश के अलग-अलग हिस्सों से भी इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। केरल के एडक्कारा की एक महिला किसान ने बताया कि समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायता से उन्हें खेती में निवेश बढ़ाने में मदद मिलती है। वहीं, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक किसान ने इस राशि से तरबूज की खेती शुरू कर अपनी आय के स्रोतों में विविधता लाई। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र के किसान ने बताया कि योजना से मिली राशि से वे बीज, खाद और कीटनाशक खरीद पाते हैं, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाती है। कुल मिलाकर, यह योजना किसानों के लिए एक स्थायी आर्थिक सहारा बनकर उभरी है, जो उनकी आय बढ़ाने, खेती में निवेश को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### वॉलेंट्री सरेंडर की सुविधा

सरकार ने संपन्न किसानों के लिए वॉलेंट्री सरेंडर की सुविधा शुरू की है और जिन किसानों से गलती से लाभ सरेंडर हो गया था, उनके लिए खाते को पुनः सक्रिय करने की व्यवस्था भी की गई है ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे।योजना के तहत एक मजबूत सत्यापन प्रणाली लागू है जिसके माध्यम से अपात्र या दिवंगत लाभार्थियों को सूची से हटाया जाता है और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी पात्र किसानों का शीघ्र पंजीकरण और ई-केवाईसी पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## लैंड फॉर जॉब मामला : लालू प्रसाद यादव को झटका

निज संवाददाता | पटना



लैंड फॉर जॉब मामले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें जांच एजेंसी द्वारा जब्त लेकिन आरोप पत्र में शामिल नहीं किए गए दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की याचिकाएं मुकदमे को अनावश्यक रूप से जटिल बनाने और उसमें देरी करने का प्रयास हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक साथ 1600 से अधिक दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग न्यायिक प्रक्रिया को बाधित कर सकती है। उन्होंने इसे "उलटी गंगा बहाने" जैसा बताते हुए संकेत दिया कि ऐसी मांगें प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन दस्तावेजों को अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में इस्तेमाल नहीं किया है, वे तथाकथित "अनभरोसे वाले दस्तावेज" हैं। यानी जांच एजेंसी ने भले ही उन्हें जब्त किया हो, लेकिन आरोप सिद्ध करने में उनका उपयोग नहीं किया गया।

## एलपीजी संकट पर सरकार का दावा : सप्लाई स्थिर, 94% तक पहुंची ऑनलाइन बुकिंग

एजेंसी | नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश में एलपीजी आपूर्ति को लेकर बने दबाव के बावजूद केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए कहा है कि गैस की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। सरकार के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है और घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में कमी आई है। देश में अब ऑनलाइन गैस बुकिंग का स्तर 94 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो आपूर्ति प्रणाली के सामान्य होने का संकेत माना जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें पश्चिम एशिया की अहम भूमिका है। मौजूदा हालात के कारण आपूर्ति पर दबाव जरूर बना है, लेकिन स्थिति को संभालने के लिए कई स्तरों पर कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है, ताकि आम लोगों को रसोई गैस की कमी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही पाइप से मिलने वाली प्राकृतिक गैस को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे एलपीजी की मांग को संतुलित किया जा सके और आपूर्ति पर दबाव कम हो।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कहीं भी गैस पूरी तरह समाप्त होने की स्थिति नहीं है और वितरण सामान्य रूप से जारी है। बुधवार को देशभर में 57 लाख से अधिक रिफिल बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि पिछले दो सप्ताह में करीब 1.25 लाख नए घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। सरकार ने उन राज्यों के लिए विशेष योजना भी तैयार की है, जो पाइप गैस नेटवर्क का तेजी से विस्तार करेंगे। ऐसे राज्यों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही राज्यों से अनुमति प्रक्रिया को सरल और शुल्क कम करने का भी आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस विकल्प को अपनाएं। हालांकि, जमीनी स्तर पर कुछ स्थानों से गैस की कमी की शिकायतें भी सामने आई हैं।

## बिहार में निवेश को रफ्तार देने की पहल, 11 प्रमुख निवेशकों ने रखे प्रस्ताव

निज संवाददाता | पटना



पटना में गुरुवार को बिहार सरकार की ओर से औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और राज्य को उद्योग जगत में मजबूत पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'उद्योग वार्ता' का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कुल 11 प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया और अपने-अपने व्यावसायिक प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी निवेशकों के प्रस्तावों को विस्तार से सुना और बिहार में उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया में आने वाली जमीनी चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा को दूर किया जाएगा।

बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार और गन्ना आयुक्त अनिल कुमार झा भी उपस्थित रहे। 'उद्योग वार्ता' के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश के कई प्रस्ताव सामने आए, जिससे यह संकेत मिला कि बिहार में विविध क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रस्तुत प्रस्तावों में एआईओएन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक करण हैरी धौल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण और पूर्वानुमान के क्षेत्र में अपनी कंपनी की विशेषज्ञता साझा करते हुए बिहार के बिजली विभाग के साथ कार्य करने की इच्छा जताई। वहीं, ज़ाइडेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने सड़कों के समय से पहले खराब होने की समस्या के समाधान के लिए अपनी उन्नत तकनीक की जानकारी दी और इसका सजीव प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया। इसके अलावा आइकॉन कम्युनिकेशन के अनुपम श्रीवास्तव ने 'डाउनस्ट्रीम संचार' मॉडल के माध्यम से 'जीविका' और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्य करने का प्रस्ताव रखा।







हिंदू नववर्ष : विक्रम संवत 2083 का भव्य आगाज

## इस बार 12 नहीं 13 महीनों का होगा साल, चैत्र नवरात्रि का हुआ आरंभ

निज संवाददाता | पटना

भारतवर्ष मेंगुरुवार से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ हुआ। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होने वाला यह नवसंवत्सर भारतीय संस्कृति, परंपरा और नवचेतना का प्रतीक माना जाता है। इसी के साथ आज से चैत्र नवरात्रि का भी आरंभ हो गया है, जिससे मंदिरों और घरों में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। सुबह होते ही देशभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नए वर्ष का स्वागत किया और सुख-समृद्धि की कामना की। कई शहरों में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए। सड़कों पर केसरिया ध्वज लहराते नजर आए और वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देवी-देवताओं की झांकियां, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से सनातन परंपराओं का संदेश दिया गया।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, विक्रम संवत 2083 उन्नति, सकारात्मक परिवर्तन और नई संभावनाओं का वर्ष साबित हो सकता है। व्यापार, शिक्षा और सामाजिक जीवन में प्रगति के संकेत बताए जा रहे हैं। इस दिन व्रत रखकर सूर्य देव की उपासना और भगवान शिव के दर्शन करने की परंपरा है।

औरंगाबाद में गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक

# 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान दिवस' मनाने का निर्णय



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में "गौ सम्मान आह्वान अभियान" को लेकर शुभम इंटरनेशनल, कुंडा हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गौभक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में राम विकास सिंह, गौसेवा से जुड़े संतोष कुमार सिंह, भारतीय सेवा दल के विभांशु मिश्र रौशन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा वास्तु विहार सोसायटी से मनोज जी और राम प्रकाश जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान गौसंरक्षण से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने विशेष रूप से औरंगाबाद क्षेत्र में संचालित अवैध कत्तलखानों, पशु तस्करी की बढ़ती घटनाओं, सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंशों और गोरक्षा कार्यकर्ताओं पर दर्ज हो रहे कथित झूठे मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ऋषभनाथ फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, बोधगया की संयोजक सचिव नेहा कुमारी ने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों के कारण गौवंशों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर गायें कचरा और पॉलिथीन खाकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि गोरक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं को संरक्षण मिलना चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

सुप्रसिद्ध छात्र नेता खुशबू पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि "गौ सम्मान आह्वान अभियान" देशभर में जन-जागरण के रूप में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को प्रत्येक अनुमंडल में कम से कम 11 हजार हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जाएगा। इसके लिए अभी से व्यापक स्तर पर तैयारी और जनसंपर्क अभियान चलाने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य चुनौतियों पर हुई विस्तृत चर्चा

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद के न्यू सेमिनार हॉल में 19 मार्च 2026 को हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और डायमंड हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिल समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लालकेश्वर यादव ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न रोगों, उनके कारणों और बचाव के उपायों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। इस अवसर पर उन लोगों ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाई है। उनके अनुभवों ने उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संयोजन श्री बहादुर भीम कुमार सिंह द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रवीण कुमार दुबे ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को न केवल स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मिली, बल्कि उन्हें बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरणा भी प्राप्त हुई।

## भीषण गर्मी में राहत : अब सदर अस्पताल में मरीजों को मिलेगा निःशुल्क जल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भीषण गर्मी को देखते हुए सदर अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत देने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। स्व. सतेन्द्र नारायण सिंह फाउंडेशन की ओर से अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को गर्मी के इस मौसम में पीने के पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। फाउंडेशन के निदेशक सह भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं डिहरा पैक्स अध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन हजारों मरीज आते हैं, लेकिन उन्हें शुद्ध पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि मरीज और उनके परिजन स्वच्छ पानी पी सकें और किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. सतेन्द्र नारायण सिंह का सपना था कि कोई भी व्यक्ति पानी और भोजन के बिना न रहे। कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने अपने निजी होटल 'नीलम पैलेस' के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया था। उनके इस सेवा भाव को देखते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया था। सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि उनके पिता का पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा। यही कारण था कि डिहरा की जनता ने उन्हें पैक्स चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाया था। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से पैक्स की बकाया राशि जमा कर किसानों से धान खरीद की शुरुआत भी कराई थी। हालांकि उनके असामयिक निधन के बाद यह जिम्मेदारी कम उम्र में उनके कंधों पर आ गई, लेकिन जनता के सहयोग और मार्गदर्शन से वे लगातार समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

वहीं, सदर अस्पताल के प्रबंधक प्रफुल कुमार निराला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में इस प्रकार की शुद्ध पेयजल व्यवस्था पहले कभी नहीं की गई थी। यह कदम बेहद सराहनीय है और इससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास के लिए आभार भी व्यक्त किया। भीषण गर्मी के बीच इस तरह की पहल न केवल मानवीय संवेदना का उदाहरण है, बल्कि यह दिखाती है कि समाज के सहयोग से जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकता है।




## चैत प्रतिपदा व विक्रम सम्वत् 2083 पर निकाली गयी प्रभात फेरी

मदनपुर(औरंगाबाद)(नि.सं.)। हिन्दू नववर्ष 2083 की शुरुआत गुरूवार से हो गई है। इसे विक्रम सम्वत् की शुरुआत कहा जाता है। तो वहीं चैती नवरात्रा की प्रतिपदा की तिथि है तथा चारो तरफ नवरात्रा में भगवती दुर्गा के प्रथम स्वरूप ' माँ शैलपुत्री ' की की अराधना शुरू हो चुकी है। सभी मंदिरों एवं शिवालयों से शंख, घंटा एवं घडियाल की आवाजें सुनायी देनें लगी, अखण्ड़ रामायण पाठ एवं दुर्गा सप्तसी के पवित्र मंत्र - ' या देवी सर्व भुतेषु शक्ति रूपेण संस्थितः, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नमः ' सुनायी देनें लगी है। विश्व हिन्दू परिषद् के जिला सह मंत्री डॉ. नवीन कुमार पाठक नें बताया कि आज से प्रकृति में अमुल - चूल बदलाब देखनें को मिलेगा ।










### तबादले पर अधिवक्ताओं ने दी न्यायधीश को विदाई

**औरंगाबाद** (एसवीवी.सं.)। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के एडीजे-7 निशित दयाल को तबादले पर एपीपी इंद्रदेव नारायण सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, रामाशीष शर्मा राधेश्याम सिंह और सतीश कुमार स्नेही ने शॉल एवं बुके देकर भावभीनी विदाई दी। अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना की।




